# O X F O R D  P U B L I C  S C H O O L

AFFILIATED TO C.B.S.E. DELHI, SCHOOL CODE No: 66318

Pragati Path, Ranchi 834 001, Jharkhand

Website: **www.oxfordpublicschool.nic.in**; E-mail: oxfordpsranchi@rediffmail.com

Phone : 7485096731


प्रेस विज्ञप्ति

## ऑक्सफॉर्ड पब्लिक स्कूल में "खुशहाल कक्षा" कार्यशाला का सफल आयोजन

आज 14 जून , 2025 को ऑक्सफॉर्ड पब्लिक स्कूल के प्रांगण में "खुशहाल कक्षा" विषय पर एक अत्यंत प्रेरक और नवाचारी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को कक्षा में एक सकारात्मक, सहयोगपूर्ण और आनंददायक शिक्षण वातावरण तैयार करने के लिए प्रेरित करना था।

इस कार्यशाला में शिक्षकों को विभिन्न गतिविधियों और व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से यह सिखाया गया कि कैसे कक्षा में सभी बच्चों की समान रूप से भागीदारी बढ़ा सकते हैं, तनाव को कम कर सकते हैं और सीखने की प्रक्रिया को आनंदमय बना सकते हैं। शिक्षकों को यह भी सिखाया गया कि वे कैसे विद्यार्थियों की भावनात्मक ज़रूरतों को समझकर, शिक्षण के बेहतर तरीकों को अपनाकर तथा सहभागिता क्रियात्मक शिक्षण के माध्यम से कक्षा को एक "खुशहाल कक्षा" में बदल सकते हैं।

प्रशिक्षण संचालक  विद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के वरिष्ठ शिक्षक संदीप कुमार सिंह ने बताया कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और संवेदनशीलता को भी विकसित करना है। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों, गतिविधियों और समूह चर्चाओं के माध्यम से कार्यशाला को अत्यंत प्रभावशाली बनाया।

इस अवसर पर प्रमुख अतिथियों में शैक्षणिक निदेशक डॉ. सिमी मेहता, प्राचार्य श्री रंजीत कुमार ठाकुर, शैक्षणिक समन्वयक श्री रवि शेखर, जूनियर विंग प्रभारी श्री राज किशोर शर्मा और ऑक्सफोर्ड नर्सरी स्कूल की प्राचार्या श्रीमती सोमा घोष सहित विद्यालय के सभी  शिक्षकगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन देते हुए स्कूल की शिक्षिका सपना शाहदेव ने सभी प्रतिभागियों, आयोजकों और प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

इस कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

OXFORD PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO C.B.S.E. DELHI, SCHOOL CODE No: 66318
Pragati Path, Ranchi 834 001, Jharkhand
Website: **www.oxfordpublicschool.nic.in**; E-mail: oxfordpsranchi@rediffmail.com
Phone : 7485096731

Press Release

# Successful Organization of "Happy Classroom" Workshop at Oxford Public School

Today, a highly inspiring and innovative workshop on the theme "Happy Classroom" was organised in the premises of Oxford Public School. The aim of this workshop was to motivate teachers to create a positive, collaborative, and joyful learning environment in the classroom.

Through various activities and practical examples, teachers were taught how to increase equal participation of all children, reduce stress, and make the learning process enjoyable. Teachers also learned how to understand the emotional needs of students, adopt better teaching methods, and transform the classroom into a 'happy classroom' through participatory and active learning.

The workshop facilitator, Mr. Sandeep Kumar Singh, from the Department of Physical Education (PHE) shared that the purpose of education is not just to impart knowledge, but also to develop confidence, creativity, and sensitivity in students. He made the workshop highly impactful through different examples, activities, and group discussions.

The event was graced by key guests including Academic Director Dr. Simi Mehta, Principal Mr. Ranjit Kumar Thakur, Academic Coordinator Mr. Ravi Shekhar, Junior Wing In-charge Mr. Raj Kishore Sharma, Nursery wing Principal Mrs. Soma Ghosh and all the teachers of the school.

At the end of the program, the Miss Sapna Shahdeo from the department of English proposed the vote of thanks and expressed gratitude to all participants, organisers, and trainers.